Floor Assistants Engaged by Delhi Doordarshan

3800. SHRI BRAHMAKUMAR BHATT: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Delhi Doordarshan engaged the Floor Assistants as casual assistants on contract basis;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether such Floor Assistants are working in other Doordarshan Kendras and particularly in Gujarat; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ): (a) and (b) Yes, Sir. Doordarshan Kendra, Delhi has engaged 239 Casual Floor Assistants from time to time.

(c) and (d) There are some Kendras where casual bookings are being made in the category of Floor Assistants depending upon the work requirements. However, no casual bookings of Floor Assistants are made at the Kendras located in the State of Gujarat.

छोटे समाचार-पत्रों के प्रतिनिधियों का ज्ञापन

3801. **श्री बरजिन्दर सिंह:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि हाल में देश में छोटे समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों ने अपनी असुविधाओं के निराकरण हेतु सरकार को ज्ञापन दिया था;

(ख) यदि हां, तो ज्ञापन में किन-किन असुविधाओं का उल्लेख था; और

(ग) सरकार ने उनकी असुविधाओं के निराकरण के लिए अब तक क्या कार्रवाई की है?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज): (क) इस मंत्रालय को हाल में ऐसा कोई अभ्यावेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते।

सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष का मनोनयन

3802. **श्री बरजिन्दर सिंह:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने हाल ही में सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष के पद के लिए एक नया मनोनयन किया है;

(ख) यदि हां, तो क्या सेंसर बोर्ड के अन्य सदस्यों का भी नये रूप में मनोनयन किया गया है; और

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में तथ्य क्या हैं तथा सेंसर बोर्ड का पिछला गठन कब हुआ था और बोर्ड में शामिल विभिन्न प्रतिनिधियों की श्रेणी-वार संख्या क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज): (क) जी, हां। जानी-मानी फिल्म हस्ती सुश्री आशा पारेख को सामान्यतया सेंसर बोर्ड के रूप में जाने जाने वाले केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) वर्तमान बोर्ड का गठन दिनांक 7.3.96 को किया गया था। मौजूदा सदस्यों के नाम उनके व्यवसाय सहित विवरण में दिए गए हैं **(नीचे देखिये)**।

विवरण

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड

नाम	व्यवसाय
अध्यक्ष	
सुश्री आशा पारेख	फिल्म कलाकार
सदस्य	
1. श्रीमती सरोजा देवी	फिल्म कलाकार
2. श्रीमती हेमलता रमेश	फिल्म निर्माता और वितरक